भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 1828

जिसका उत्तर 29.07.2021 को दिया जाना है

अनमोड-लोंडा एनएच पर कार्य

1828. श्री फ्रांसिस्को सर्दिन्हाः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कर्नाटक में अनमोड से लोंडा तक राष्ट्रीय खंड पर निर्माण कार्य का ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) इसके कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख): अनमोड से लोंडा तक का खंड खानापुर से कर्नाटक/गोवा सीमा तक की परियोजना का हिस्सा है। पूर्व में खानापुर से कर्नाटक/गोवा सीमा तक की परियोजना के सड़क चौड़ीकरण के काम को रोकने के लिए एक रिट याचिका दायर की गई थी। कर्नाटक के माननीय उच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका का निपटान किया गया था और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से वैध चरण- I में आवश्यक विस्तार की स्वीकृति प्राप्त करने के बाद काम शुरू करने का निर्देश दिया गया था। जिस ईपीसी ठेकेदार को काम सौंपा गया था, उसने लगभग 67% काम पूरा कर लिया है। रिट याचिका के मामले में काफी समय लगने के कारण ठेकेदार से अनुबंध को पहले समाप्त करने का अनुरोध किया गया था और उस पर एनएचएआई द्वारा सैद्धांतिक रूप से सहमति व्यक्त की गई थी। शेष कार्य को शुरू करने के लिए बोली प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और दिसंबर, 2022 तक कार्य पूरा होने की संभावना है।

*****